दिनांक 04.08.2024 "स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई"

नगर निगम भिलाई क्षेत्र में पानी के सप्लाई में विलंब होगा

भिलाई नगर। शिवनाथ इंटेकवेल के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट आने के कारण स्टैंड बाई ट्रांसफार्मर से 3 मोटर चल रहे है। पहले चार मोटर चल रहे थे। एक मोटर कम चलने के कारण पानी की पूर्ति धीरे–धीरे हो रही है। जिसके कारण निगम के सभी क्षेत्रों में पानी की सप्लाई होगी। लेकिन समय में थोड़ा परिवर्तन रहेगा। जैसे–जैसे पानी की पूर्ति होगी पानी का सप्लाई होते रहेगा। बारिश के कारण ट्रांसफार्मर मॉइश्चराइजर आ गया है । इसलिए बनाने में परेशानी हो रही है। जब तक तीन मोटर से सप्लाई होगा पानी की सप्लाई विलंब से होगी। निगम का पूरा प्रयास है कि ट्रांसफार्मर में आई मॉइश्चराइजर को ठीक किया जाए। नगर निगम भिलाई के शिवनाथ इंटरवल में दो ट्रांसफार्मर है ।इससे सप्लाई होती है। एक में खराबी आने के कारण दूसरे पर लोड है। इसलिए तीन ही मोटर चल पा रहे हैं । जिसके कारण निगम क्षेत्र में जलप्रदाय के समय में विलंब होंगे। सुबह एवं शाम में सप्लाई किया जाएगा । शीघ्र संधारण कराया जा रहा है, संधारण होते तक जलप्रदाय के समय में परिवर्तन पूर्व की भांति होने लगेगा।